SPECIAL ADHESIVE SPECIAL ADHESIVE SPECIAL ADHESIVE SPECIAL ADHESIVE

(28)

समझौता प्रपत्र

हिन्दी विभाग
दयानन्द महाविद्यालय, हिसार
एवं
SWANG – A Folk Art Academy, Hisar

समझौता –

1. हिन्दी विभाग, दयानन्द महाविद्यालय, हिसार एवं स्वांग – ए फॉक आर्ट अकेडमी, 34, देवी भवन कॉलोनी,, हिसार (रजिस्ट्रेशन नं. HR/12/2016/01803) के बीच दिनांक 13/5/23 को समझौता दोनों संस्थाओं के प्राचार्य व अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ।

प्रस्तावना –

1. समझौते के अनुबंध के रूप में यह तय हुआ कि दोनों संस्थाएं अध्ययन के रूप में ऐसे विषयों को चुनेंगे जो साहित्य व कला के क्षेत्र में समृद्धि प्रदान करने वाले हों।
2. हिन्दी विभाग, दयानन्द महाविद्यालय ऐसे विद्यार्थियों का चयन करेगा जो साहित्य व कला के क्षेत्र में रुचि व प्रतिभा रखते हों।
3. दोनों ही संस्थाएं मिलकर ऐसी गतिविधियों का आयोजन करेंगी जिससे विद्यार्थियों में साहित्य व कला के प्रति अभिरुचि उत्पन्न होगी।

समझौते के आयाम –

1. यह समझौता आर्य समाज, दयानन्द महाविद्यालय, हिसार एवं स्वांग – ए फॉक आर्ट अकेडमी,, हिसार के बीच आपसी सहमति से तैयार हुआ है। विभिन्न पक्षों पर विचार–विमर्श करके आपसी समन्वय से कार्य करने को स्वीकृति दी गई तथा यह दोनों संस्थाओं पर बराबर रूप से लागू रहेगा।
2. समझौता निश्चित दिनांक से प्रारम्भ होकर 5 वर्ष के लिए होगा। किसी असहमति की स्थिति में दोनों संस्थाएं आपसी सहमति से इसे रद्द भी कर सकती हैं।

Principal
Dayanand College,
HISAR

Principal
Dayanand College
HISAR

दोनों पक्षों के उत्तरदायित्व –

1. दोनों संस्थाएं अपनी नियमित गतिविधियों में शैक्षणिक व शोध के विषय दोनों के हित को ध्यान में रखते हुए तैयार करेंगे।
2. समझौते में दोनों वादी अपने साधन–संसाधन, पुस्तकालय तथा प्रदर्शनी एक–दूसरे के साथ सांझा करेंगे।
3. विद्यार्थियों को निर्देशन के लिए प्रशिक्षित स्टॉफ का दायित्व दोनों संस्थाएं समान रूप से वहन करेंगी।
4. शोध व प्रशिक्षण के उपरांत जो दस्तावेज तैयार होगा उसकी एक–एक प्रति दोनों संस्थाओं के पास जमा होगी।
5. शोध प्रशिक्षण में कार्यरत विद्यार्थियों को अनापत्ति प्रमाण–पत्र (No Dues Certificate) अपने शिक्षक के माध्यम से जमा करवाना होगा, जिस पर दोनों संस्थाओं के समन्वयक हस्ताक्षर करेंगे।
6. दोनों संस्थाएं मिलकर शोध के संभावित विषय, कार्यक्षेत्र व कार्यक्रम निर्धारण आपसी सहमति से करेंगे।

बौद्धिक सम्पदा –

आपसी सहमति से जो शोध सामने आयेगा वह दोनों की संयुक्त संपदा मानी जाएगी।

समझौते में संशोधन –

दोनों पक्ष आपसी सहमति से समझौते में संशोधन, परिवर्तन, आंशिक या मौलिक बदलाव कर सकेंगे।

समझौते की संस्तुति एवं सत्यापन –

समझौते की संस्तुति एवं सत्यापन हिन्दी विभाग, दयानन्द महाविद्यालय, हिसार एवं स्वांग – ए फॉक आर्ट अकेडमी, हिसार के बीच यह समझौता निम्नलिखित जिम्मेवार व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में दिनांक ....13/5/23........... को हुआ।

प्राचार्य

डॉ० विक्रमजीत सिंह

दयानन्द महाविद्यालय, हिसार

Principal
Dayanand College
HISAR

गवाह :

डॉ० मोनिका कक्कड़,
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग,
दयानन्द महाविद्यालय, हिसार

अध्यक्ष

डॉ० सतीश कश्यप

स्वांग – ए फॉक आर्ट अकेडमी, हिसार

गवाह : Chanchal Goyal.
Radhyshyam Goyal
Goyal Niwas
87 (35-B)
Devi Bhawan colony.
HISAR.

Principal
Dayanand College,
HISAR